# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
# BENCH AT JAIPUR

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 3501/2016

1. Anita W/o Late Gopal Jat, R/o Village Bhagwanpura, Tehsil Sarwar, District Ajmer
2. Sita Devi W/o Ram Lal Jat, R/o Village Bhagwanpura, Tehsil Sarwar, District Ajmer
3. Ram Lal S/o Late Ladu Jat, R/o Village Bhagwanpura, Tehsil Sarwar, District Ajmer
4. Shankar S/o Ram Lal Jat, R/o Village Bhagwanpura, Tehsil Sarwar, District Ajmer
5. Teju @ Tejpal S/o Ram Lal Jat Applicant No. 4 And 5 Are Minor Through Their Father And Natural Guar, R/o Village Bhagwanpura, Tehsil Sarwar, District Ajmer

----Appellants

Versus

1. Ram Lal Kharol S/o Shri Ram Nath, R/o Bhagwanpura, Tehsil Sarwar, District Ajmer Owner
2. National Insurance Company Limited, Division Office At Ajmer, Having Its Regional Office At Nidhi Bhawan, Ambedkar Circle, Jaipur Through Its Regional Manager Insurer

----Respondents

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Harshit Sharma, Adv. for<br>Mr. Jitendra Mitrucka, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Raaj Pal Chaudhary, Adv. |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**<u>Judgment / Order</u>**

**<u>16/02/2026</u>**

अपीलार्थी—दावेदारों की ओर से यह अपील विद्वान न्यायालय आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, **अजमेर** द्वारा प्रकरण E.C.A./F./12/2013 में पारित निर्णय दिनांक **16.09.2015** से व्यथित होकर पेश की है, जिसके माध्यम

से दावेदारों के पक्ष में कुल **5,75,562/**–रूपये प्रतिकर दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया।

विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी–दावेदारों तथा प्रत्यर्थी की बहस सुनी गयी, अभिलेख का अवलोकन किया गया।

विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी का निवेदन है कि मृतक की आय की गणना विचारण न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से नहीं की गई है, जो प्रतिकर राशि दिलाई गई है, वह अपर्याप्त है तथा प्रतिकर राशि यथोचित रूप से बढाये जाने का निवेदन किया।

इसके विपरीत विद्वान अधिवक्ता प्रत्यर्थी की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय का न्यायिक निर्णय North East Karnataka Road Transport Corporation Vs. Smt. Sujatha (2019) 11 SCC 514 पेश करते हुए निवेदन किया कि विद्वान अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दावेदारों की मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्य पर विचार करने के उपरांत आय हानि की गणना की गई है, यह तथ्यों से संबंधित है तथा विधि का कोई सारवान प्रश्न इस मामले में अन्तर्वलित नहीं है, अतः ऐसी स्थिति में अधिनियम–1923 की धारा–30 के प्रावधानों के अनुसार यह अपील पोषणीय नहीं है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा North East Karnataka Road Transport Corporation (Supra) के पैरा संख्या–9, 10, 11 तथा 12 निम्नानुसार है–

> **9.** At the outset, we may take note of the fact, being a settled principle, that the question as to whether the employee met with an accident, whether the accident occurred during the course of employment, whether it arose out of an employment, how and in what manner the accident occurred, who was negligent in causing the accident, whether there existed any relationship of employee and employer, what was the age and monthly salary of the employee, how many are the dependents of the deceased employee, the extent of disability caused to the employee due to injuries suffered in an accident, whether there was any insurance coverage obtained by the employer to cover the incident etc. are some of the material issues which arise for the just decision of the Commissioner in a claim petition when an employee

RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

suffers any bodily injury or dies during the course of his employment and he/his LRs sue/s his employer to claim compensation under the Act.

**10.** The afore-mentioned questions are essentially the questions of fact and, therefore, they are required to be proved with the aid of evidence. Once they are proved either way, the findings recorded thereon are regarded as the findings of fact.

**11.** The appeal provided under Section 30 of the Act to the High Court against the order of the Commissioner lie only against the specific orders set out in clause (a) to (e) of Section 30 of the Act with a further rider contained in first proviso to the Section that the appeal must involve substantial question of law.

**12.** In other words, the appeal provided under Section 30 of the Act to the High Court against the order of the Commissioner is not like a Regular First Appeal akin to Section 96 of the Code of Civil Procedure, 1908 which can be heard both on facts and law. The appellate jurisdiction of the High Court to decide the appeal is confined only to examine the substantial questions of law arising in the case.

उपरोक्त न्यायिक निर्णय तथा अधिनियम–1923 की धारा 30 के प्रावधानों के अनुसार मृतक की आय का प्रश्न तथ्यों से संबंधित है। विचारण न्यायालय द्वारा आय के संबंध में सारवान साक्ष्य पर विचार ही नहीं किया हो और उसके आधार पर मनमानापूर्ण निर्णय हो, ऐसी स्थिति नहीं है। दोनों पक्षों की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य पर सम्यक रूप से विचार करने के उपरांत विचारण न्यायालय द्वारा जो निष्कर्ष दिया गया है, वह पूर्णतः विधिसम्मत है।

चूंकि इस मामले में विधि का कोई प्रश्न अन्तर्वलित नहीं है, अतः यह अपील खारिज होने योग्य है। उपरोक्त विवेचनानुसार अपीलाधीन निर्णय दिनांक **16.09.2015** की पुष्टि करते हुए यह अपील खारिज की जाती हैं।

अभिलेख इस आदेश की प्रति के साथ विचारण न्यायालय को प्रेषित किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

Murari Lal Sharma /23